अन्याय, अत्याचार व भ्रष्टाचार के खिलाफ
आस
# आज़ाद अधिकार सेना

Registration No
56/301/2022-2024/PPS-I

**अमिताभ ठाकुर**
राष्ट्रीय अध्यक्ष

**डा. नूतन ठाकुर**
राष्ट्रीय महासचिव / प्रवक्ता

हमारा अभियान, हर घर संविधान

**केंद्रीय कार्यालय :**
5/426, विराम खंड, गोमती नगर
लखनऊ–226010 (उ.प्र.)

9415534525, 9415534526
E-mail : azadadhikarsena@gmail.com
Website : adhikarsena.in

पत्र संख्या AAS/Letter/101/2025 दिनांक 15/05/2025

सेवा में,
पुलिस अधीक्षक,
बलिया

विषय- भाजपा नेता श्री बब्बन सिंह रघुवंशी से जुड़े कथित अशदीद वीडियो के सामने आने के क्रम में एफआईआर विषयक

महोदय,

बलिया में भारतीय जनता पार्टी के वयोवृद्ध नेता श्री बब्बन सिंह रघुवंशी का एक डांसर के साथ अत्यंत ही आपत्तिजनक, अश्लील और निंदनीय प्रकृति का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें वे कथित रूप से एक सार्वजनिक स्थल पर एक युवती के साथ अत्यंत ही घिनौनी हरकत करते दिख रहे हैं. यद्यपि विडियो से यह कार्य प्रथमद्रष्टया जबरदस्ती नहीं किया जा रहा दिखता है किन्तु सार्वजनिक स्थल पर ऐसा कार्य किया जाना निश्चित रूप से एक आपराधिक कृत्य है.
इस संबंध में श्री बब्बन सिंह रघुवंशी ने अपनी सफाई में बयान जारी करते कहा कि यह वीडियो आज से लगभग 30 दिन पूर्व का है, जब वे श्री राजेश सिंह प्रधान के लड़के की शादी में बिहार गए थे. उन्होंने यह आरोप लगाया कि उनके साथ बांसडीह से भाजपा विधायक सुश्री केतकी सिंह के पति श्री श्री गुड्डू भी गए थे तथा श्री गुड्डू तथा सुश्री केतकी सिंह के खास लोगों ने राजनैतिक द्वेष भाव के कारण साजिश के तहत यह वीडियो बनाया, यद्यपि उन्होंने स्पष्ट नहीं किया कि वीडियो में उनकी दर्शाई गयी तस्वीरें वास्तविक हैं अथवा नहीं तथा उन्होंने यह भी स्पष्ट नहीं किया कि इस पूरे मामले में वे कौन सी और क्या साजिश मान रहे हैं. इसके विपरीत श्री रघुवंशी ने यह दावा किया कि वे इस संबंध में पुलिस अधीक्षक बलिया के पास प्रार्थना पत्र दे कर कार्रवाई की मांग करेंगे, यद्यपि मेरी जानकारी के अनुसार अब तक इस प्रकार का कोई प्रार्थना पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है .

Scanned with OKEN Scanner

इसके विपरीत प्राप्त जानकारी के अनुसार सुश्री केतकी सिंह ने श्री रघुवंशी के आरोपों को पूरी तरह आधारहीन तथा बेबुनियाद बताया है.

इन समस्त तथ्यों से निम्न बातें पूरी तरह स्पष्ट हो जाती हैं-

1. विडियो में एक सार्वजनिक स्थल पर कथित अशील हरकतें की जा रही दिखती हैं.
2. यह वीडियो असली है, नकली है या साजिश है लेकिन उसे सार्वजनिक कर उसके माध्यम से इन अश्लील हरकतों को प्रस्तुत करते हुए एक महिला को अवांछनीय रूप से बदनाम किया गया है.
3. श्री बब्बन सिंह के अनुसार उक्त विडियो के सृजन और प्रस्तुतिकरण के दौरान सुश्री केतकी सिंह के पति श्री गुड्डू तथा उनके अन्य ख़ास व्यक्तियों द्वारा आपराधिक षडयंत्र के तहत कई अपराधिक कृत्य किए गए हैं जबकि सुश्री केतकी सिंह के अनुसार यह पूर्णतया असत्य आरोप हैं.

स्पष्ट है कि यह सभी गंभीर प्रकृति के संज्ञेय अपराधिक कृत्य हैं, जिनमें मूल घटना को छोड़कर वीडियो को अपलोड किया जाना तथा श्री बबन सिंह द्वारा इसे साजिश बताये जाने की घटना निश्चित रूप से बलिया जिले की है, जिनके संबंध में तत्काल कार्रवाई नितांत अनिवार्य है.

अतः कृपया संबंधित पुलिस स्टेशन (संभवतः थाना बांसडीह या था कोतवाली) में इस संबंध में एफआईआर दर्ज करवाते हुए इन सभी बिंदुओं पर गहन विवेचना संपादित कराए जाने की कृपा करें.

अमिताभ ठाकुर
राष्ट्रीय अध्यक्ष

प्रतिलिपि- डीजीपी, यूपी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को मामले में तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने हेतु

प्रतिलिपि- श्री योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश लखनऊ को कृपया अपने स्तर से डीजीपी यूपी तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को इस प्रकरण में तत्काल पूर्णतया निष्पक्ष विधिक कार्रवाई करने के निर्देश देने तथा यदि प्रथमदृष्टया यह वीडियो सही पाया जाता है तो कृपया श्री बब्बन सिंह रघुवंशी को किसान सहकारी चीनी मिल्स समिति लिमिटेड, रसड़ा के अध्यक्ष पद से तत्काल बर्खास्त कराए जाने के अनुरोध सहित

Scanned with OKEN Scanner